# सोते समय युवक की कनपटी पर कट्टा अड़ाकर मारी गोली

## 25 साल पुरानी दुश्मनी में गई 28 वर्षीय राजाराम की जान

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 27 मई. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तिलवा गांव में मंगलवार-बुधवार की रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. यहां एक 28 वर्षीय युवक राजाराम कुशवाहा की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई. शुरुआती जांच में इस खूनी वारदात की वजह पुराना पारिवारिक और जमीनी विवाद बताया जा रहा है.**



### 25 साल पुराना है जमीनी विवाद

परिजनों ने सीधा आरोप लगाया है कि हत्या करने वाले उनके अपने ही परिवार के लोग हैं, जिनसे लंबे समय से जमीन को लेकर रंजिश चल रही है. वालादीन ने चिंता, साधु, नंदी, धनी और अरविंद यादव सहित अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है. परिजनों के मुताबिक, दोनों परिवारों के बीच पिछले 25 साल से जमीन का विवाद चला आ रहा है और करीब 10 साल पहले भी इसी जमीन को लेकर गंभीर मारपीट हुई थी.

### ईंट भट्टे की रखवाली कर रहे भाई पर आधा दर्जन हमलावरों का धावा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया.

मृतक के भाई वालादीन कुशवाहा ने बताया कि खेत और कुएं के पास उनके परिवार का ईंटों का भट्टा लगा हुआ है. मंगलवार को पूजा-पाठ के बाद भट्टे में आग डाली गई थी, जिसके चलते रात में खेत पर ही पूरे परिवार का खाना-पीना और कार्यक्रम था.

देर रात कार्यक्रम खत्म होने के बाद बाकी सदस्य घर लौट गए, जबकि भट्टे की रखवाली के लिए राजाराम कुशवाहा और उसका मंझला भाई कीरथ कुशवाहा खेत पर ही सो गए थे. वालादीन के अनुसार, रात करीब 12 बजे आधा दर्जन हथियारबंद लोग खेत पर पहुंचे और सोते हुए दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया.

हमलावरों को देखकर कीरथ ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन आरोपियों ने राजाराम को दबोच लिया और उसकी कनपटी पर कट्टा अड़ाकर गोली मार दी. गोली सिर के आर-पार निकल गई, जिससे राजाराम की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई. भागकर बचे कीरथ ने तुरंत इस पूरी घटना की जानकारी घर पहुंचकर परिजनों को दी.

### 15 दिन पहले ही राजस्थान से आया था मृतक

बताया गया है कि मृतक राजाराम राजस्थान के झुंझुनूं में मजदूरी का काम करता था और करीब 15 दिन पहले ही अपने गांव तिलवा आया था. उसकी पत्नी और तीन बेटियां फिलहाल राजस्थान में ही हैं, जबकि दो बेटियां गांव में थीं. इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद से पूरे गांव में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है. सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है.



# मेलोडी खाओ, बढ़ती महंगाई को भूल जाओ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 मई. देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल व सीएनजी के आसमान छूते दामों तथा चरमराई बिजली-पानी व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को अनोखा प्रदर्शन किया. कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के बस स्टैंड और पटेल पेट्रोल पंप क्षेत्र में राहगीरों, आम लोगों और किसानों को मेलोडी चॉकलेट बांटकर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया. कांग्रेस का यह अलग अंदाज पूरे शहर में चर्चा का विषय बना रहा.**

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर सवाल उठाए.

# विद्यार्थियों को मिलेंगे लैपटॉप के लिए 25 हजार

**विद्यार्थियों के खातों को किया जा रहा अपडेशन**

**पिछले सत्र से ज्यादा विद्यार्थियों का चयन**

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 27 मई. विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने प्रदेश सरकार ने 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप देने की योजना शुरू की है।**

लैपटॉप योजना के लिए जिले के 1718 विद्यार्थी चयनित हुए है, इन विद्यार्थियों का शासन द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रूपये की राशि मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल से जिले के 75 फीसदी से ज्यादा अंक वाले छात्र-छात्राओं की सूची मिली है। जिसके अंतर्गत जिले के शासकीय व अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों के 1718 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए राशि मिलेगी। यह राशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में आएगी। इस लिहाज से जिले में 1718 छात्रों को करीब 4 करोड़ 29 लाख 50 हजार रुपए की राशि जारी होगी। दरअसल मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 12वीं में 75 फीसदी से ज्यादा अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने की योजना वर्ष 2010 में शुरू की गई थी। जिसके बाद हर साल छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाती है।




### अपडेट करना है यह जानकारी

लैपटॉप राशि के लिए पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों की एंट्री पोर्टल पर करना है। इसके लिए जरुरी है कि उनका बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में हो, खातों का ई-केवायसी अनिवार्य रूप से हो और यह सुनिश्चित करना होगा कि उस बैंक खाते की लिमिट 25 हजार रुपये से कम न हो। अंसचालित और बंद खाते की एंट्री किसी भी हाल में न करने को कहा गया है। यह कार्य 15 दिनों में पूरा करना है। इस पूरी प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए जिले में 2 नोडल अधिकारी भी बनाए गए हैं।

## भीषण गर्मी के चलते टली पुन: परीक्षा

**सीहोर.** लगातार तेज गर्मी के कारण राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूलों में होने वाली 5वीं-8वीं के विद्यार्थियों की पुन: परीक्षा टाल दी है. यह परीक्षा 1 से 6 जून तक होना थीं. राज्य शिक्षा केंद्र की देखरेख में जिले के कक्षा 5 व 8 के फेल हुए 1857 बच्चों की परीक्षाएं 1 जून से शुरु होना थीं. परीक्षाओं का समापन 6 जून को होना था. लेकिन संचालक ने उक्त परीक्षाएं आगे बढ़ा दीं। स्थानीय अधिकारियों की मानें तो छोटे बच्चों के हिसाब से अभी गर्मी बहुत ज्यादा है. इसके अलावा डीएलएड व कक्षा 9-11 की परीक्षाएं भी होनी हैं. इसी कारण परीक्षा का नया कार्यक्रम जारी किया गया है.

# 36 दुकानों ने गरीबों को आधा ही राशन दिया

## जिले की 36 सरकारी राशन दुकानों को नोटिस, 60 प्रतिशत से कम राशन बांटा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 मई, का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा मंगलवार को 90 प्रतिशत से कम वितरण वाले दुकानों की समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान राज्यल शासन द्वारा आवंटित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह मई-जून 2026 का राशन वितरण 60 प्रतिशत से कम करने वाली शासकीय उचित मूल्यं दुकानों पर अप्रसन्ननता व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.**




जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि पात्र हितग्राही राशन से वंचित न रहें, इस हेतु उक्ता संबंधित 36 दुकानों के विक्रेताओं को कम वितरण के संबंध में कारण बताओ सूचनापत्र जारी किए गए. साथ ही सभी विक्रेताओं को खाद्यान्न वितरण कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया.

**नरसिंहगढ़, खिलचीपुर में 60 प्रतिशत से भी कम राशन वितरण किया-** जिले के नरसिंहगढ़ और खिलचीपुर विकासखण्ड में स्थिति ज्यादा चिंताजनक है. यहां कुल आवंटन का 60 प्रतिशत से कम राशन वितरण किया गया है.

## आधार निर्माण और अपडेट शिविर आयोजित

**राजगढ़ 27 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में 25 मई को जनपद राजगढ़ की ग्राम पंचायत धनवासकलां एवं पिपलोदी में 26 मई तथा ग्राम पंचायत पिपल्या करेडी एवं कालीतलाई में आधार बनवाने एवं अपडेट हेतु केम्प का आयोजन किया गया. जिसमें निम्नई आधार जारी एवं अपडेट का कार्य किया गया. साथ ही ग्राम पंचायत धनवासकलां में 10 आधार कार्ड नवीन बनाये गये एवं 10 आधार कार्ड अपडेट किए गए. ग्राम पंचायत पिपलोदी में 17 नवीन आधार कार्ड बनाए गए. ग्राम पंचायत करेडी में 08 नवीन आधार कार्ड बनाए गए तथा 27 के आधार कार्ड में अपडेट कार्य किया गया.

## एक नजर में



### स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संबल बना डीबीसीपीएल

**सीहोर.** एमपीआरडीसी की डीबीसीपीएल परियोजना द्वारा सामाजिक दायित्व निभाते हुए फंदा पंचायत में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया. विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण किया गया. साथ ही जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों एवं नि:शुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया. शिविर में एमबीबीएस मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अर्पित भार्गव के साथ संदीप मकवाना, नरेंद्र मकवाना, अजय सोलंकी एवं एएसजी हॉस्पिटल के फील्ड टेक्नीशियन सत्यम मिश्रा, राहुल गोस्वामी, विकी राय आदि उपस्थित थे.

### बैतूल पहुंचेंगे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह

**बैतूल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया 2 जून को बैतूल पहुंचकर जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक बैठक और संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिलेभर के ब्लॉक, उपब्लॉक, नगर, मंडलम अध्यक्षों, जिला समन्वय समिति के सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभागों के जिलाध्यक्षों सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे द्वारा जारी सूचना के अनुसार कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। सुबह 11.15 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ बैठक का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके बाद 11.30 बजे संगठनात्मक संवाद का आयोजन होगा।

### ईदगाह सहित चार मस्जिदों में होगी ईद की नमाज

**सिरोंज,** ईदुल अज़हा 28 मई को मनाई जावेगी. जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वसीम ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7 बजे, जामा मस्जिद में 7.15 बजे, ताज मस्जिद में 7.30 बजे, कमनगिरान मस्जिद में 7.45 बजे एवं बिलाल मस्जिद में 8 बजे अदा की जावेगी. जिसके बाद शहर एवं आसपास के क्षेत्र में प्रशासन द्वारा निर्धारित जगहों पर क़ुर्बानी की जावेगी. उन्होंने मुस्लिम समाजजनों से प्रशासन द्वारा निर्धारित जगहों पर ही क़ुर्बानी करने का आग्रह किया.

### हितग्राही बीमा नवीनीकरण अवश्य कराएं

**विदिशा,** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पीएमएसबीवाय और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएमजेजेबीवाय के सभी सम्मानित हितग्राहियों से जिला अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा अनुरोध किया गया है कि वह अपने बीमा पॉलिसियों को सक्रिय रखने के लिए अपने बैंक खातों में आवश्यक न्यूनतम शेष राशि बनाए रखें. इस हेतु दोनों बीमा योजनाओं का वार्षिक प्रीमियम राशि पीएमएसबीवाय हेतु 20 रुपये एवं पीएमजेजेबीवाय हेतु 436 रुपये जिसमें खाते में कुल राशि रु. 456 शेष जमा रखना अनिवार्य है।

### पं. नेहरू को याद कर श्रद्धांजलि दी

**जीरापुर.** ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई. इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, जनपद सदस्य शिवनारायण गुर्जर मुंड़ी, तरूण चौबे, अजय मूंदड़ा, कुशल कुशवाहा, वहीद शाह, गिरिराज सिंह खिंची, शैलेंद्र सोनगरा, गोपाल ड्राइवर, श्याम किरार, भगवान सिंह मालवीय, पवन सेन, निरंजन टेलर, गिरीश भावसार, बद्री मालवीय, हेमराज गुर्जर, अशरद ताई, चैन सिंह गुर्जर, अप्सरा कुरैशी, आनंद गुप्ता भण्ड़ावद, राधेश्याम मालवीय आदि ने बारी बारी से पुष्प अर्पित किए. जहां पर कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के जनक, आईआईटी, आईआईएम जैसे सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक संस्थान स्थापित कर देश को विश्व पटल पर पहचान दिलाई है.

# 500 फीट तक के बोर सूखे, नहीं निकल रहा पानी

नवभारत न्यूज

**विदिशा 27 मई, शहर के लाइन पार क्षेत्र स्थित टीलाखेड़ी कॉलोनी में लगातार गहराते जल संकट को लेकर बुधवार को एसडीएम क्षितिज शर्मा एवं नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने पेयजल समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर प्रशासन ने तत्काल राहत देने के निर्देश जारी किए.**



> वार्ड 39 टीला खेड़ी में जल संकट लगातार विकराल होता जा रहा है। क्षेत्र निवासी शैलेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि टीला खेड़ी वार्ड काफी बड़ा क्षेत्र है और यहां पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है. हालत यह हैं कि 500 फीट तक के बोरवेल भी सूख चुके हैं. उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के समय बनाई गई पानी की टंकी से करीब 400 परिवारों को पानी की सप्लाई होती थी, लेकिन बोर सूख जाने के कारण अब टंकी भी नहीं भर पा रही है. इससे लोगों को रोजाना पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. शैलेंद्र सिंह राजपूत

एसडीएम ने नगर पालिका प्रशासन को टीलाखेड़ी क्षेत्र में पानी की टंकी के पास नया बोरवेल कराने के आदेश दिए. साथ ही कुछ चयनित बोरवेलों का अधिग्रहण कर उनसे पेयजल सप्लाई शुरू करने के निर्देश भी दिए गए. प्रशासन ने क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए टैंकरों की संख्या दोगुनी करने के निर्देश नगर पालिका को दिए हैं, ताकि आम नागरिकों को जल्द राहत मिल सके. अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे. एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि टीला खेड़ी क्षेत्र में फिलहाल दो ट्यूबवेल अधिग्रहित किए गए हैं. जहां-जहां आवश्यकता होगी, वहां अतिरिक्त ट्यूबवेलों का अधिग्रहण कर जल समस्या का समाधान किया जाएगा.



# पानी को लेकर महिलाओं ने नगर परिषद को घेरा

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 27 मई, सं. भीषण गर्मी के दौर में जहां एक और सभी नगरवासी गर्मी से बेहाल है वही नगर में पेयजल समस्या विकराल रूप लेती नजर आ रही है. जलस्तर के नीचे जाने से अधिकांश हेड पंप कुएं बावड़ी सभी सुख गए हैं वहीं पार्वती नदी से संचालित नलजल योजना भी अंतिम सांसें ले रही है.**

नदी का जलस्तर तेजी से गिर रहा है कभी मोटर जलने से नल नहीं चलते कभी अन्य टेक्निकल खराबी से नल नहीं चलते कभी एक दिन छोड़कर नल चलते है. आम नागरिक परेशान है.

बुधवार को वार्ड क्रमांक 2 की महिलाओं ने नगर परिषद के गेट के सामने बीच बाजार में सड़क पर लगभग आधे घंटे रास्ता बंद कर तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए आंदोलन किया. नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी ने आंदोलनरत महिलाओं के बीच पहुंचकर उन्हें आश्वस्त किया कि सांयकाल आपके नल चलेंगे आप लोग अपने-अपने घर जाए. श्री लोधी ने कहा की गत दिवस पार्वती नदी में मोटर जल जाने के कारण मंगलवार नल नहीं चल सके नगर परिषद प्रयास कर रही है कि प्रतिदिन नगर में जलप्रदाय किया जावे.

### संजीवनी बना निजी ट्यूबवेल

नगर में पेयजल संकट के चलते आम नागरिक निजी ट्यूबवेलों से स्वयं जल भरकर अपनी पूर्ति कर रहा है. नगर में लगभग एक दर्जन से अधिक निजी ट्यूबवेल संचालक नगर में पेयजल हेतू जल प्रदाय कर रहे हैं इस जल संकट के दौर में निजी ट्यूबवेले एक संजीवनी बनी हुई है. वहीं दूसरी ओर लोग केंपर व टेंकरो से जल लेकर अपनी पूर्ति कर रहे हैं. वहीं नगर में कई जगह प्याऊ भी लगी हुई है. इस वर्ष पार्वती नदी में पानी नहीं होने के कारण लगभग 2 किमी दूर से नदी में नाली खोदकर पानी इंटेक बेल पर लाया जा रहा है पानी में कीचड़ होने की वजह से मोटर बार-बार जल रही है पर प्रयास किया जा रहा है कल से प्रतिदिन पानी दिया जाएगा. **-इकरार अहमद, मुख्य नपाधिकारी नप सुठालिया**

# भीषण गर्मी और नौतपा पर भारी पड़ी आस्था

नवभारत न्यूज

**राघौगढ़ 27 मई का। राघौगढ़ के भैंसाना स्थित श्री राम महायज्ञ स्थल से लेकर तमाम सड़कों, हाईवे और रेलवे स्टेशन तक इन दिनों श्रद्धालुओं का ऐसा महासैलाब उमड़ रहा है, मानो सनातन धर्म की आस्था का कोई कुंभ धरातल पर उतर आया हो। भीषण गर्मी के नौतपे की तपिश भी प्रभु राम की अटूट आस्था के सामने पूरी तरह बेअसर साबित हो रही है।**




हजारों की संख्या में वाहनों, बसों, कारों, टैक्सियों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर पहुंच रहे महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। महाअनुष्ठान का लाभ उठाने और यज्ञ की दिव्य ऊर्जा को आत्मसात करने के लिए हजारों श्रद्धालु तपती दोपहरी में भी परिक्रमा करते नजर आ रहे हैं। विश्व के मानव कल्याण के लिए पिछले 18 मई से शुरू हुआ यह महाअनुष्ठान अब 28 मई को अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। इस धार्मिक उत्सव में रामचरितमानस, श्रीमद्भागवत और वेद-पुराणों के वाचन के साथ-साथ सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंगों का अनवरत चल रहा महाअभिषेक आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## सगे मामा ने ही किया था नाबालिग का अपहरण

**आष्टा.** थाना पुलिस ने 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया. मामले में चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बालिका का अपहरण करने वाला उसका सगा मामा ही निकला. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार 24 मई को फरियादी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को कोई व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है. थाना प्रभारी गिरीश दुबे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई.

**शिकायत** | किसानों ने कैशियर पर लगाए गंभीर आरोप, हटाने की मांग को लेकर की शिकायत

# जिला सहकारी बैंक में चेहरे देखकर हो रहा भुगतान



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी भुगतान के लिए किसान चक्कर काटने को मजबूर हैं, वहीं जिला सहकारी बैंक की कैशियर चेहरे देखकर किसानों को भुगतान कर रहीं हैं। यह आरोप किसानों ने लगाये हैं। किसानों का कहना है कि बैंक कैशियर पारूल रघुवंशी किसानों के साथ अभद्र व्यवहार तो करती हैं साथ ही किसानों को उनके अनाज का भुगतान तक के लिए हाथ जुडवा रहीं हैं।**

जिला सहकारी बैंक की कैशियर पारूल रघुवंशी पर किसानों ने आरोप लगाते हुये कहा कि बुधवार को सैकड़ों किसान अपने भुगतान के लिए लाइन में लगे रहे, लेकिन कैशियर किसानों के चेहरे देखकर भुगतान कर रहीं हैं। बड़े और पहचान वाले किसानों को तो कैशियर बड़े आराम से भुगतान कर देतीं हैं जबकि छोटे व मझोले किसानों से चक्कर लगवाया जा रहा है। किसानों ने बताया कि ऐसी गर्मी में वह बैंक के चक्कर लगा रहीं हैं। कैशियर कभी खाते पर होल्ड का बहाना बनाकर चलता कर देती हैं तो कभी सर्वर समस्या बताती हैं, लेकिन अपने चहेतों को वह चुपचाप भुगतान कर देती हैं। इसी के चलते दर्जनों किसानों ने भोपाल में कैशियर की शिकायत की है।

**कैशियर को हटाने अपेक्स अध्यक्ष से शिकायत:** जिला सहकारी बैंक की कैशियर पारूल रघुवंशी को हटाने के लिए किसान अपेक्स अध्यक्ष महेंद्रसिंह यादव भोपाल को शिकायत कर चुके हैं। शिकायत में किसानों ने बताया कि कैशियर किसानों से उचित व्यवहार नहीं करतीं। किसानों को अपने खाते से पैसे निकालने के लिए बार-बार बैंक आना पड़ता है। किसान दातारसिंह, तोरनसिंह, मनोज, दिनेश, हंसराज, जसवंतसिंह सहित एक दर्जन से ज्यादा किसानों ने बताया कि बैंक में कैशियर 6 सालों से पदस्थ हैं, जिसके कारण वह किसानों ने उचित व्यवहार न करते हुए पैसे निकालने के लिए परेशान करती है, इसलिए उन्हें गुना भेजे जाने की मांग की गई।

### किसान ने हाथ जोड़े, मिन्नतें की तब मिले एक लाख में से 20 हजार

किसान राजेंद्रसिंह राई ने बताया कि पत्नी का ऑपरेशन कराया है, उपचार के लिए पैसे चाहिए लेकिन उन्हें मात्र 20 हजार रूपये ही भुगतान किये। बुधवार को वह 9 बजे बैंक पहुंच गये थे। उनका कहना है कि अपनी पत्नी के उपचार के लिए पैसों को सख्त जरूरत है, लेकिन कैशियर को किसानों की मानवता भी नहीं दिख रही। उन्होंने गेहूं तुलवाये थे, कर्जा कट जाने के बाद भी भुगतान के लिए 1 लाख रूपये बचते हैं। चौथे चक्कर पर हाथ जोड़ने और बड़ी मिन्नतों के बाद 20 हजार रूपये मिल पाये हैं।

## अधिकारियों ने कराया निराकरण

**टीकमगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर शिवप्रसार मंडराह ने डिप्टी कलेक्टर निशांत भूरिया तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त 117 आवेदनों पर सुनवाई की गई।